## खबर संक्षेप

### दिवगंत पार्षद के पति ने थामा भाजपा का दामन



**न्यूटन / परासिया :** न्यूटन वार्ड नं 4 की दिवगंत पार्षद रविंदर कौर के पति सतनाम सिंह उर्फ़ बाबू सरदार ने जिलाध्यक्ष शेष राव यादव के समक्ष भाजपा का दामन थाम लिया। यहां कांग्रेस पार्षद रविंदर कौर के निधन के बाद उपचुनाव हो रहे हैं। जिसके लिए 7 जुलाई को मतदान होना है। शनिवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था। वार्ड 4 के उप चुनाव में भाजपा और कांग्रेस आमने - सामने है। सतनाम सिंह का भाजपा में शामिल होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव , भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी , चुनाव प्रभारी आशीष जायसवाल , जयंत राय , श्रीचंद पटेल , इंदरपाल साहू , रमेश साहू , बृजेश त्रिवेदी , बिट्टू भन्नारिया , नितिन जायसवाल , शिवनाथ कनौजिया , हरि आठनकर , राहुल सराठी , मनीष चौहान , निशु दीक्षित , लक्की पटेल सहित सभी न्यूटन नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है।

### आईटीआई में प्रवेश लेने हेतु दिशा-निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य श्री सी.बी.उईके ने बताया कि जिले में सभी शासकीय आईटीआई में 21 व्यवसायों में प्रवेश होना है। प्रवेश के राउण्ड-03 के लिये च्वॉईस फिलिंग हेतु प्रथम एवं व्दितीय चरण के आवेदकों को एलॉटमेंट नहीं मिला है, तो ऐसे आवेदकों की च्वॉईस फिलिंग यथावत रहेगी, परन्तु आवेदेक चाहें तो च्वॉईस फिलिंग में अपडेशन यदि करना चाहे तो शेष सीटों के अनुसार राशि 50 रूपये का भुगतान करके पुनः कर सकते है। समस्त अप्रवेशित आवेदक राउण्ड-03 के लिए बची हुई सीटों का पर नवीन च्वॉईस फिलिंग अथवा च्वॉईस फिलिंग में त्रुटि सुधार 05 से 11 जुलाई 2025 तक राशि 50 रूपये का भुगतान करके पुनः कर सकेंगे। राउण्ड-01 में जिनको प्रथम च्वॉईस मिली तथा उनके द्वारा प्रवेश नहीं लिया गया, ऐसे आवेदकों को राउण्ड-03 में सम्मिलित होने के लिए शेष बची सीटों पर पुनः च्वॉईस फिलिंग करना अनिवार्य होगा। राउण्ड-02 में जिनको प्रथम च्वॉईस मिली तथा उनके द्वारा प्रवेश नही लिया।

## तामिया सचिव का दुस्साहस कहे या अधिकारियों का संरक्षण

# कन्यादान योजना की वेदी में लगी ईंट सचिव ने भुगतान के बाद निर्माण में लगा डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जनपद पंचायत की मुख्यालय ग्राम पंचायत तामिया सचिव जो भ्रष्टाचार का पर्याय अधिकारियों की शह पर बन बैठे हैं। पंचायत के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में सारे नियम कानून को दरकिनार कर मनमाने तरीके से निर्माण कार्यों में खुला भ्रष्टाचार कर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। इतना खुला भ्रष्टाचार किए जाने के बावजूद का इन पर कोई कार्रवाई नहीं किया जाना स्वयं सिद्ध करता है कि या तो इनका रसूख सबको बौना साबित किये हुए है। इसी दम पर भ्रष्टाचार का खुला खेल अपनी खुद की दम पर खेला जा रहा है।

अब तामिया सचिव के भ्रष्टाचार की लालसा इतनी बढ़ गई है कि वह पर्यटन विभाग के सेप्टिक टैंक पर शौचालय बनाने के बाद उनका एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत संपूर्ण जनपद कीपंचायत के 500 से अधिक जोड़ों का सामूहिक विवाह तामिया में संपन्न हुआ जिसमें सांसद विधायक के अलावा आला



अधिकारी भी मौजूद थे। इस विवाह समारोह कार्यक्रम में जोड़ों को सात फेरे लेने के लिए जो बेदी बनाई गई थी जिसमें प्रति बेदी 20 ईट लगाई गई है। इस तरह 500 जोड़ों में 10000 ईट का उपयोग विवाह समारोह कार्यक्रम संपन्न कराने में हुआ जिसका भुगतान जनपद पंचायत द्वारा बिल के माध्यम से किया जाना है।

लेकिन तामिया सचिव ने यहां भी भ्रष्टाचार का कमाल दिखाया और उन्होंने यह 10000 ईंट का उपयोग बिल लगाए जाने के बाद जनपद पंचायत के पीछे कोई भवन पंचायत द्वारा बनाया जा रहा है। जिसमें इन ईटों का उपयोग खुलेआम किया जा रहा है। इस तरह पंचायत सचिव ने आम के आम गुठली के दाम की कहावत को चरितार्थ करते हुए इन ईटों का दोबारा भुगतान लेने का कारनामा कर डाला। इस तरह इन्हें दोहरा लाभ हुआ क्योंकि कन्यादान विवाह समारोह में भी भुगतान अपने चहेते के नाम ले लिया साथ ही निर्माण कार्य में लगाकर मूल्यांकन करवा कर इसका भी भुगतान करा लेंगे। इस तरह 10000 ईंट का दोगुना भुगतान बाजार भाव 6 प्रति ईट के हिसाब से एक लाख बीस हजार रूपया मुफ्त में कमा लिये। इस तरह सिद्ध कर दिया कि पंचायत के नियम कानून अधिकारियों का भय इन्हें नहीं है। कम से कम विवाह समारोह की बेदी में लगाई गई ईंट निर्माण कार्य में लगाकर सिद्ध कर दिया कि तामिया सचिव को भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा करने से रोकना अब मुश्किल ही नहीं ना मुमकिन हो चुका है।

## बीमारी से दुग्ध उत्पादन में देखने मिलती है कमी

# बारिश में मवेशियों में मंडरा रहा बीमारियों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बरसात के मौसम ने समय से पहले अपनी दस्तक दे दी है। इस वर्ष समय से पहले मानसून आने की संभावना जताई जा रही है। जानकारों की मानें तो अगले सप्ताह में मानसून आ जाएगा। लेकिन मानसून आने के पहले पशुपालकों को अपने पालतू मवेशियों की चिंता सताने लगी है।

दरअसल बारिश के मौसम में पालतू मवेशियों के ऊपर बीमारियों का खतरा अधिक होता है। बारीश के मौसम में पालतू मवेशी खासकर गाय भैंस सहित न गौवंशीय पशुओं पर मुंह पका एवं खुर पका सहित अन्य बीमारियां को लगने का डर होता है। मुंह पका एवं खुर पका बिमारी सभी खुर वाले जानवरों में पाई जाती है। इस बीमारी से खुरों में घाव बनने लगता है।

मुंहपका बीमारी से पशुओं में मुंह से दिन भर लार बहती रहती है। इन्ही कारणों के चलते यह बीमारी का संक्रमण फैलने का खतरा होता है। यदि समय रहते हुए इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। इस बीमारी से ग्रस्त होने के बाद गाय भैंसों के दूध उत्पादन में कमी देखने को मिलती है। इस दौरान मवेशियों को बुखार आता है। तथा मुंह से अधिक झाग बनना, चारा न खाना, शारिरिक कमजोरी हो जाना सहित अन्य लक्षण पाए जाते है। बारिश के मौसम शुरू होते ही मानसून के परिवर्तन के साथ ही पालतू मवेशियों पर बीमारी लगने लगती है। यह बीमारी का संक्रमण एक से दूसरे पशुओं पर लग जाती है। अब पशुपालको को लंपी वायरस लगने का भी डर सता रहा है। इस वायरस की चपेट में आने से पशुओं की स्क्रीन पर गांठे पड़ जाती है। तथा पशु कमजोर हो जाता है।

कई बार समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मवेशी की मौत भी हो सकती है। बदलते मौसम के बीच में यदि कोई पशु इन बीमारियों की चपेट में आ जाता है तो संक्रमित मवेशियों को अन्य मवेशियों से अलग रखना चाहिए।

## जिले में अभी तक 238.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

# मौसमः जिले में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बीते कुछ दिनों से प्रतिदिन हो रही बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है। किसानों द्वारा बोवनी की गई फसले के लिए यह बारिश अमृत का काम करेगी। इसलिए बारिश होने से किसान काफी खुश नजर आ रहा है।

जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 238.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 212.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 05 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 7.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 05 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 2.8, मोहखेड़ में 16.3, अमरवाड़ा में 15, चौरई में 6.8, हर्रई में 26.2, बिछुआ में 09, जुन्नारदेव में 4.2, चांद में 03 और उमरेठ में 2.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 208.6, मोहखेड़ 257.4, तामिया में 190, अमरवाड़ा में 338.6, चौरई में 174.2, हर्रई में 393.8, बिछुआ में 139.4, परासिया में 156, जुन्नारदेव में 233.6, चांद में 200.1 और उमरेठ में 344.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### स्वर्णिम यात्रा का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 को भोपाल में हुई थी। 70 वर्ष की स्वर्णिम यात्रा के कार्यक्रमों का आयोजन म.प्र.भोपाल से 23 जुलाई 2024 रविन्द्र भवन से प्रारंभ हुआ। इस प्रारंभिक कार्यक्रम में अखिल भारतीय पदाधिकारी तथा म.प्र.की विस्तारित कार्यसमिति और प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के पालक अधिकारी श्री भरैया जी का प्रेरणादायी मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। इसी कार्यक्रम के दौरान 23 जुलाई 2024 से 23 जुलाई 2025 पूरे वर्ष भर के कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया। वर्ष के दौरान भारतीय मजदूर संघ के स्थायी उत्सव 28 अगस्त पर्यावरण दिवस ,17 सितम्बर राष्ट्रीय श्रम दिवस ,समरसत्ता दिवस ,12 दिसम्बर स्वदेशी दिवस के अतिरिक्त 17 वें वर्ष के दौरान अलग - अलग माह में अलग - अलग प्रदेश भर में आयोजन किया गया।

# गुरैया सब्जी मंडी कीचड़ से सराबोर

## सब्जी खरीदी करने आने वाले लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले की थोक सब्जी मंडी गुरैया के व्यापारी बारिश के कारण कीचड़ में व्यापार करने को मजबूर है मांगी प्रबंधन सालों बाद भी यहां मूलभूत सुविधाएं नहीं दे पा रहा है। इससे व्यापारी सभी मौसम में परेशान होते नजर आते हैं। दरअसल थोक सब्जी मंडी सुबह 8:00 बजे शुरू हो जाती है आसपास सैकड़ो किस सब्जी लेकर पहुंचते हैं। हालात यह है की मंडी दलदल में तब्दील हो चुकी है।

व्यापारी और किस कीचड़ में खरीदी बिक्री कर रहे हैं वही कीचड़ से उठ रही बदबू से परेशान हो रहे हैं कीचड़ में वजन लेकर चलने से हमालों को फिसलने का भय बना हुआ रहता है ऐसे में यदि हमाल या किस सब्जी के बुरे ले जाते समय यदि फिसल गए तो उनके हाथ पैर टूटने की संभावना बनी रहती है यह



हालत हर साल बारिश में कुमार मंडी में देखने को मिलते हैं इसके बाद भी मंडी प्रबंधन ने कीचड़ से निजात पाने कोई कारगर कदम अभी तक नहीं उठाए हैं। गंदगी व कीचड़ से शराब और हुआ सब्जी मंडी का परिसरबारिश के दिनों में गुरैया सब्जी मंडी की स्थिति काफी खराब है यहां सब्जी लेने आने वाले व्यापारी एवं लोगों को गंदगी युवा कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है बता दे की गंदगी के कारण यहां मच्छर काटते हैं और गंदगी से यह परिसर सटा हुआ है। कीचड़ में ही फेंक देते हैं सब्जियां, सारी सब्जियों की बदबू से ग्राहक हो रहे परेशान गोरिया सब्जी मंडी में आने वाले ग्राहकों को बारिश के दिनों में इन साड़ी सब्जी की बदबू से परेशान होना पड़ रहा है।

### संतों के सानिध्य में आज निकलेगी दिंडी यात्रा

**छिंदवाड़ा।** परमात्मा की असीम कृपा से भगवान विट्ठल रुक्मणि के चरणों मे अर्पित की जाने वाली भव्य एवं दिव्य दिंडी यात्रा धर्म नगरी छिंदवाड़ा में निकाली जाएगी ।दिंडी यात्रा के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि संत गजानन गुणगान मंडल,सच्चिदानंद सेवा समिति एवं समग्र मराठी समाज द्वारा आषाढ़ी एकादशी देवशयनी ग्यारस के पावन पर्व पर दिंडी यात्रा आयोजित की गई है। दिनांक 6 जुलाई दिन रविवार को प्रातः 7.30 बजे भगवान श्री गणेश भगवान विट्ठल रुक्मणि एवं देवी देवताओं का वैदिक मंत्रोच्चार से पंडित किशोर तातेकर द्वारा अभिषेक किया जाएगा। आनंद बक्षी ने बताया कि प्रातः 11 बजे श्री शिरडी साई मंदिर विवेकानंद कॉलोनी में दिंडीयों का एकत्रीकरण होगा,दोपहर 12 बजे महामंडलेश्वर डॉ दादू महाराज, महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलौनी, ह.भ.प. चिंतामन गुरवे जी के परम सानिध्य में दिंडीया शिव गजानन मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी।

# शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों को दिया बीएलए तैनात करने का प्रशिक्षण

## राजीव कांग्रेस भवन में मतदाता सूची के जिला प्रभारी ने दी महत्वपूर्ण जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की मंशानुसार कांग्रेस बूथ को मजबूत करने में सतत रूप से जुटी हुई है। इसी कड़ी में बीएलए की नियुक्ति को लेकर जारी प्रक्रिया के तहत आज दिन शनिवार को स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में बीएलए की नियुक्ति को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आयोजित प्रशिक्षण में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों व मतदाता सूची के जिला प्रभारी के द्वारा आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई। शहर कांग्रेस कमेटी के अन्तर्गत आने वाले पूर्व उप ब्लॉक, पश्चिम उप ब्लॉक, दक्षिण उप ब्लॉक, उत्तर उप ब्लॉक एवं मध्य उप ब्लॉक के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के जिला मतदाता सूची प्रभारी श्री राजकुमार मिश्रा ने बीएलए के फार्म भरने के तौर तरीकों से अवगत कराया साथ ही एक अन्य फार्म जिसमें नाम जोड़े एवं काटे जाने हैं, उसमें भरी जाने वाली जानकारियों के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बीएलए के कर्तव्य बताते हुए कहा कि सम्पूर्ण चुनावी प्रक्रिया में बीएलए के कांधों पर अहम जिम्मेदारी होती है। इसीलिये बीएलए की तैनाती अहम है। उन्होंने बीएलए फार्म आईडी- 2, मृत मतदाताओं की सूची प्रस्तुत करने के प्रारूप एवं स्थानांतरित मतदाताओं की सूची प्रस्तुत करने के प्रारूप फार्म दिखाते हुए बिन्दुवार उन्हें भरने की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया।

# आपसी विवाद को राजनीतिक रंग देने को कोशिश कर रहा है विपक्षः शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

हर्रई के ग्राम तुईयापानी 29 मई की रात में हुए आपसी लेनदेन के विवाद को विपक्ष के नेताओं द्वारा राजनीतिक रंग देने पर अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह एवं भाजपा नेताओं द्वारा आड़े हाथ लेते हुए उस रात को घटित घटना की वास्तविकता से सभी को अवगत करवाया। पीड़ित की शिकायत पर 9 आरोपियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज की जा चुकी है जिसमें से 7 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके है और पुलिस 2 आरोपी की तलाश कर रही है।

अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश शाह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग तुईयापानी में 29 मई की रात में दो पक्षों में आपसी लेन देन को लेकर विवाद हुआ, जिसके संबंध में पीड़ति पक्ष द्वारा 30 मई को पुलिस थाना हर्रई में मारपीट की शिकायत भी दर्ज करवाई गई थी। पुलिस थाना हर्रई द्वारा पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) के साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

श्री शाह ने कहा कि इस आपसी लेनदेन के विवाद को विपक्ष के नेताओं द्वारा राजनीतिक रंग देते हुए घटना को झूठ बोलकर और बढ़ा चढ़ाकर प्रदर्शित किया जाकर शांतिपूर्ण जिले का सांप्रदायिक सौहाद्र बिगाड़ने को कोशिश करते हुए राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। श्री शाह ने कहा कि मैं लगातार पुलिस अधिकारियों के संपर्क में हूं और मामले पर नजर बनाए हुए हूं। श्री शाह ने कहा कि भाजपा शासनकाल में किसी के भी साथ अन्याय नहीं होता है। श्री शाह ने कहा कि मैं जनता को विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार है और दोषियों को किसी भी परिस्थिति में बक्शा नहीं जायेगा। श्री शाह ने कहा कि विपक्षी झूठ बोलकर हमारे भोले भाले ग्रामीण भाइयों को भड़काकर जिले शांति भंग करने की कोशिश ना करें।

भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश अंगारिया ने कहा कि मैने 29 मई को ग्राम तुईयापानी में रात हुई मारपीट की घटना की जानकारी लिया हूं। मुझे प्राप्त जानकारी के अनुसार आफत बट्टी और नवीन बट्टी राजा चौकसे के ढाबे पर काम करते थे और 29 मई की रात को पैसों के लेन देन को लेकर विवाद हुआ था।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुआ विचार विमर्श



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की बैठक विधायक सुनील उइके की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एसडीएम कामिनी ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ,डॉ धीरज दवंडे (डीएचओ)प्रमोद वासनिक (मेडिकल अधिकारी) ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉक्टर सोनम यादव विद्युत विभाग के अधिकारी श्री डेहरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक विवेक चंद्रवंशी सहित समिति सदस्य अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।जिसमें विभिन्न प्रस्ताव को पास किया गया। इसमें मुख्य रूप से अस्पताल परिसर में वाहन स्टैंड ,शव परीक्षण कक्ष, कैंटीन,रसोई घर हर्बल गार्डन निर्माण करने के एवं मरम्मत कार्य के प्रस्ताव रखे गए। इन प्रस्ताव के साथ ही एंबुलेंस सेवा के लिए शुल्क 1100 निर्धारित किया गया। सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल में परिवर्तन करने के प्रस्ताव सहित विभिन्न प्रस्तावों पर निर्णय लेकर पास किए गए।समिति द्वारा पारित इन प्रस्तावों से आगामी समय में अस्पताल की व्यवस्था और सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। अन्य प्रस्ताव में शा.सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रूम क्लीनिक के तहत होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधाएं सप्ताह में दो दिन रखने के प्रस्ताव रखे गए। डॉक्टरों की ड्यूटी चार्ट नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने तथा ड्यूटी रूम में डॉक्टर की तैनाती सुनिश्चित करने के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए।

## इंस्पायर मानक योजना अंतर्गत दो दिवसीय आयोजन सम्पन्न, छिन्दवाड़ा को प्रदेश में प्रथम स्थान

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी नवाचार की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में नवाचार को मंच देने वाली इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का समापन शनिवार को हुआ। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा में 4 एवं 5 जुलाई 2025 को आयोजित इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का समापन कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार तथा प्रभारी एडीएम श्रीमती अंकिता त्रिपाठी की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक



कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के दूरस्थ अंचलों से आए विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विज्ञान मॉडल्स का अवलोकन किया तथा बच्चों से उनके नवाचारों की विस्तृत जानकारी ली।

**वैज्ञानिक सोच और नवाचार के लिए बेहद उपयोगी योजना-कलेक्टर श्री सिंह** – कलेक्टर श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की यह योजना विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने हेतु एक सशक्त मंच है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में सबसे अधिक 416 विद्यार्थियों के आईडिया चयनित होने पर छिन्दवाड़ा जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षा विभाग को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

**नवाचार को मिलता है यहां मंच-सीईओ श्री कुमार** – मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंस्पायर मानक योजना उन बच्चों के लिए विशेष अवसर है, जो विज्ञान में रुचि रखते हैं और अपने विचारों को कार्यरूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं। यह प्रदर्शनी बच्चों को सोचने, समझने और रचनात्मकता के साथ जुड़ने का अवसर देती है।

334 विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल, 10% चयनित राज्य स्तर हेतु- जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने प्रदर्शनी के दौरान योजना की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय नव प्रवर्तन विभाग, नई दिल्ली द्वारा जिले के 495 विद्यार्थियों को अवार्ड दिया गया था, जिनमें से 334 विद्यार्थियों ने स्वयं के बनाए प्रोटोटाइप/मॉडल प्रदर्शित किए।

### आई.टी.आई. में प्लेसमेंट ड्राइव कल

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा में 07 जुलाई 2025 को मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा एफटीसी के लिये आईटीआई उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के लिये प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा में 07 जुलाई 2025 को मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा एफटीसी के लिये आईटीआई उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के लिये आई.टी.आई. पास फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, ग्राइंडर, वेल्डर, ट्रेक्टर मैकेनिक आदि के लिये केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थी जिनकी उम्र 18 से 26 वर्ष हो भाग ले सकते हैं।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
M.Sc. CS
DCA/PGDCA
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A.
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

### सांसद अपने दादा भक्त पदयात्रियों के साथ 10 दिनों से लगातार कर रहे छिन्दवाड़ा से खंडवा तक की पदयात्रा

# आशापुर के घने जंगल और भारी बारिश भी नहीं तोड़ सकी दादा भक्तों के हौसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छिन्दवाड़ा से होकर पांढुर्णा और बैतूल होते हुए सांसद बंटी विवेक साहू पिछले 10 दिनों से दादा भक्तों के साथ खंडवा तक की पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान कई स्थानों पर हुई बारिश और बैतूल के आगे और खंडवा के पहले पड़ने वाले आशापुर के घने जंगल और भारी बारिश भी सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों के हौसलों को तोड़ नहीं सकी है।

बैतूल के आगे आशापुर तक घना जंगल है, इस मार्ग पर यात्रा के दौरान छोटे-छोटे गांव और कस्बे पड़ते है। इस मार्ग में कई जगह तो मोबाईल का नेटवर्क भी नहीं है। बारिश और आंधी तूफान के इस मौसम में रात्रि विश्राम के दौरान कुछ जगह पर कई-कई घंटों तक लाईट भी नहीं रहती है। इन तमाम परेशानियों के बावजूद सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्री दादाजी धुनीवाले के भजनों और सुमधुर गीतों के बीच दादाजी धुनीवाले की भक्ति में लीन होकर लगातार अपनी पदयात्रा जारी रखे है।

सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों का हौसला बढ़ाने के लिए छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले से लगातार जनप्रतिनिधि, व्यापारी, नागरिकगण और समाजसेवी पदयात्रा में शामिल हो रहे है। 5 जुलाई को पदयात्रा में सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों का हौसला बढ़ाने और पदयात्रा में शामिल होने के लिए भाजपा के लोकतंत्र सेनानी अध्यक्ष श्री अजय औरंगाबादकर, पूर्व जिलाध्यक्ष राजू परमार, सौंसर के पूर्व विधायक अजय चौरे, भाजपा महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, नगरपालिका परासिया अध्यक्ष विनोंद मालवी, दमुआ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर ,पारसिया नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर,नरेन्द्र विश्वकर्मा ,क्रेडिट सोसायटी अध्यक्ष मारकंडे सूर्यवंशी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जागेंद्र अल्ड़क,उमरेठ भाजपा के मंडल अध्यक राम प्रसाद कुमरे, अमरवाड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी,जनपद सदस्य संतोष वर्मा ,रेखन रघुवंशी,राहुल रघुवंशी, साकेत रघुवंशी, चौधरी गोलू रघुवंशी,कमलनाथ पटेल ,राजकुमार अहीरवार, गेंदसिंह वानखेड़े, मोनू साहू, शैलेन्द्र पटेल,कांता आम्रवंशी , राखी पाटिल , डॉ अरविंद फुले, गोपाल रघुवंशी, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पहुंचे हुए थे।

## मंडल अध्यक्ष के प्रयास से डली बजरी, आम राहगीरों ने ली राहत की सांस

**जुन्नारदेव।** बारिश शुरू होते ही शहर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित मुख्य बाजार की सड़क सुपर साइकिल स्टोर से गुप्ता सायकल स्टोर मार्ग दल दल में तब्दील होकर आम राहगीरों ओर व्यापारियों के लिए कठिनाई का सबब बन चुका था। कीचड़ और गड्ढों में बारिश का पानी भरने से चलना भी मुश्किल हो रहा था। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कुछ दिन पूर्व इस मार्ग का निरीक्षण कर आम नागरिकों ओर व्यापारियों को होने वाली कठिनाई से नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे ओर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे से अवगत करा व्यवस्था बनाने को कहा था। उसी तारतम्य में शुक्रवार को नगर पालिका ने ट्रैक्टर के माध्यम से सड़क में बजरी(गिट्टी) डलवाकर लोगों को राहत पहुंचाई है। ज्ञात हो कि इसी स्थान पर रविवार को मोहर्रम का भी आयोजन किया जाएगा। बजरी डलने से मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं, मोहर्रम समिति,आम नागरिकों के राहगीरों ने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, नपा सीएमओ नेहा धुर्वे, ओर भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी का आभार माना है।



## सरकार की अदूरदर्शिता से हजारों सरकारी स्कूल हो गए बन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

लगातार शिक्षा व्यवस्था की हो रही दूर व्यवस्था एवं सरकार की दूरदर्शिता के कारण प्रदेश के हजारों सरकारी स्कूल बंद होने के कगार पर है। जिसको लेकर शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सिविल राइट्स प्रोटेक्शन सेल मध्यप्रदेश सेक्रेटरी एस.आर.शेंडे ने बताया कि,भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 - ए तथा संसद द्वारा पारित शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान ₹ राइट टू एजुकेशन ₹ किया गया है। जिसके अनुसार बच्चों को कक्षा 8 वी तक मुफ्त ,अनिवार्य व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। यह अधिनियम शासकीय एवं अशासकीय सभी संस्थाओं को समान रूप से लागू होता है। दुर्भाग्य से शासकीय शालाओं में इसका पालन किया जाता है,परंतु प्राइवेट संस्थाओं में बिलकुल नहीं। वहाँ नर्सरी से लेकर आठवी तक के बच्चों से प्रति वर्ष एडमिशन,नई किताबें,नये ड्रेस, विकास,विभिन्न मदों के नाम पर पालकों से अनाप शनाप राशि वसूली जाती है ।दूसरी ओर शासकीय स्कूलों में मुफ्त किताबें,स्कॉलरशिप,ड्रेस,मध्यान्ह भोजन,सायकिल देने के बावजूद संसाधन विहीन जर्जर शाला भवन,शिक्षकों का अभाव,शिक्षकों को अध्यापन से ज्यादा अन्य कार्यों में लगाने के कारण पालकों का शासकीय शालाओं से मोहभंग हो गया है। इस कारण गरीब मध्यम वर्गों के बच्चों का पढना दूभर हो गया है। सरकार की उदासीनता एवं शिक्षा का निजीकरण की ओर बढता कदम पालकों व विद्यार्थियों को घातक साबीत हो रहा है। यह दुरावस्था पूरे देश मे प्राथमिक से लेकर महाविद्यालयीन और चिकित्सा शिक्षा तक फैली हैं। सरकार की अदूरदर्शिता के चलते भारत भर में हजारों शासकीय शालाएँ बंद हो चुकी है। आश्चर्य होता है कि,चंद वर्षो में प्राइवेट स्कूल बिल्डिंग बहुमंजिला बन जाती है और सरकारी विद्यालय खंडहरनुमा नजर आते हैं।श्री शेंडे ने महामहिम राष्ट्रपति जी,प्रधानमंत्री जी को पत्र प्रेषित कर प्राइवेट संस्थाओं को भी संविधान में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त शिक्षा दिलाने हेतु,शिक्षको की भर्ती सभी राज्यों को कडाई से पालन कराने के निर्देश देने का अनुरोध किया है।



## मेधावी योजना अंतर्गत बिछुआ के मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की लैपटॉप राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

उत्कृष्ट विद्यालय बिछुआ में शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय मेधावी विद्यार्थी योजना अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया,विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की पूजा कर किया गया,एवं भोपाल में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम को देखा एवं सुना गया,बिछुआ विकासखंड के 157 विद्यार्थियों के खाते में मुख्यमंत्री जी के द्वारा सीधे वन क्लिक के माध्यम से 25000 रुपए की राशि ट्रांसफर की गई,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगाकर अच्छा काम कर रही है,एवं प्रतिवर्ष मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए पच्चीस हजार की राशि भाजपा सरकार के द्वारा दी जाती है,एवं उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की,इसी तारतम्य में शिक्षा समिति अध्यक्ष व जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,शिक्षा समिति अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,पार्षद बबलू आरगुड़े, उपाध्यक्ष बलदेव बोबडे,राजेश रघुवंशी,प्रमोद श्रीवास,रजत वानखेड़े,परमानंद उपासे,संस्था प्राचार्य वी के पडोले,जीवन सिंह रघुवंशी एवं शिक्षक गण सहित विकासखंड के मेधावी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# हड़ताल को सफल बनाने कोयला कामगारों से अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

लेबर कोड बिल , बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ 9 जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए संयुक्त मोर्चा श्रमिक संगठन ने कोयला कामगारों से अपील की है ।संयुक्त मोर्चा इंटक , एटक , एच. एम. एस. एवं सीटू श्रम संघ द्वारा नेहरिया भूमिगत खान में द्वार सभा (गेट मीटिंग) की गई । श्रम संघ पदाधिकारियों द्वारा मजदूरों को लेबर कोड बिल एवं देश में बढ़ती बेरोजगारी बढ़ती महगांई के खिलाफ आगामी दिनांक 09.07.2025 को होने वाली हड़ताल के संबंध में जानकारी प्रदान की गई । साथ ही सभी मजदूरों से आव्हान किया गया , कि मजदूर और किसान विरोधी सरकार के खिलाफ आगामी दिनांक 09.07.2025 को होने वाली देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाने में पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करें ।इस गेट मीटिंग में इंटक से अलाउद्दीन खान , मनोज तिवारी , एच.एम.एस. से दीनानाथ यादव , आरिज खान एटक से रामकेरा यादव , विनोद सिंह सीटू से मार्कण्डे मिश्रा , अनवर अली , शाखा के समस्त अध्यक्ष/ सचिव एवं कामगार उपस्थित रहे ।



## सांसद की खंडवा पदयात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक अजय चौरे

**सौंसर।** छिंदवाड़ा पांढुर्णा लोकसभा के सांसद बंटी साहू के द्वारा छिंदवाड़ा जिले के सुख शांति समृद्धि के लिए छिंदवाड़ा से लेकर खंडवा दादाजी धूनीवाले दरबार तक पदयात्रा की जा रही है। पदयात्रा में छिंदवाड़ा जिले के अलावा अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे है। शनिवार को पदयात्रा में सांसद बंटी साहू के साथ पूर्व विधायक अजय चौरे ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ साथ में शामिल हुए है। चर्चा के दौरान पूर्व विधायक श्री चौरे ने बताया कि सासद बंटी साहू के द्वारा जिले के विकास के साथ लोगों की समस्याओं का समाधान और अब संपूर्ण जिले के लोगों के शुभ समृद्धि ऐश्वर्य को लेकर दादाजी दरबार खंडवा तक पदयात्रा की जा रही है जो की बहुत ही धार्मिक एवं प्रेरणादाई है।इस पदयात्रा को बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक साहित्यिक संस्थाओं के अलावा जनता का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है, जगह-जगह पर पदयात्रा में चल रहे लोगों एवं पदयात्रा का स्वागत सत्कार भी हो रहा है। इस दौरान सांसद विवेक बंटी साहू,पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजू परमार,वरिष्ठ भाजपा नेता होमेश्वर मोहोड़,सचिन खंडाईत, मछुआरा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिनेश लाड़से,खुशाल चौधरी,कैलाश ठाकरे, रोशन गावंडे आदि थे।



### वन विभाग कार्यालय परिसर में रोजाना खड़ी हो रही यात्री बस

## वारासिवनी वन विभाग कार्यालय परिसर बना अवैध पार्किंग स्थल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी वन विभाग कार्यालय का परिसर यात्री बस के अवैध पार्किंग स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा हैं। यह एक गंभीर समस्या हैं, जो ना केवल यातायात को बाधित करती हैं, बल्कि यह कानून और व्यवस्था की भी अवहेलना हैं। वन विभाग कार्यालय का परिसर आमतौर पर सार्वजनिक उपयोग के लिय नही माना जाता हैं और बाहरी व्यक्तियों को इसे पार्किंग स्थल के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति भी नहीं दी जाती है। उसके बावजूद भी कुछ बस मालिकों ने वन विभाग कार्यालय परिसर को सार्वजनिक पार्किंग स्थल बना कर रखा हुआ हैं, वही वन विभाग के अफसर इस मामले में मौन साधे हुए हैं। जो उनकी लापरवाही को दर्शाता हैं।

जब इस मामले में अधिकारियों का पक्ष जानने के लिए मीडियाकर्मी लगभग साढ़े 11 बजे वन विभाग कार्यालय पहुँचे, तो कार्यालय में ताला लगा हुआ मिला और वहॉ पर कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। वही जब रेंजर क्षत्रपाल सिंह जाधोन स इस मामले को लेकर मोबाईल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनके द्वारा किसी भी मीडियाकर्मी का फोन नहीं उठाया गया।

बताया जा रहा हैं कि जिस बस मालिक ने वन विभाग कार्यालय परिसर में अपनी बस को खड़ा किया हैं, कुछ नागरिकों द्वारा विभाग के अधिकारी से बस खड़ी करने के विषय में सवाल किया गया, तो उन्होंने किसी भी प्रकार का जवाब नहीं दिया। जिससे प्रतीत होता हैं कि रेंजर क्षत्रपाल सिंह जाधौन अपनी मनमानी कर रहे हैं।

**रेंजर किसी भी मामले में मीडिया कर्मियों को नहीं देते जानकारी:** यह पहला मामला नहीं हैं, जब रेंजर द्वारा मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब नहीं दिया गया हो। इसके पहले भी विभाग द्वारा सागौन तस्करी और जंगलों में हो रही कवैध कटाई के संबंध में उनसे चर्चा करने का प्रयास किया गया, मगर उनके द्वारा कभी भी मीडिया कर्मियों को जवाब नहीं दिया गया।

## भंते धम्म शिखर ने तिरोड़ी कटंगी में पहुंचकर बौद्ध अनुयायियों से मांगा समर्थन



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बोधगया में स्थित महाबोधि मंदिर के प्रबंधन को बौद्ध समुदाय को सौंपने की मांग को लेकर चल रहा महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में बालाघाट जिले में 10 जुलाई से शांति धरना प्रदर्शन होगा. बालाघाट जिले के डॉ बाबा साहेब अंबेडकर चौक में यह प्रदर्शन होना है. इस आंदोलन में जनसमर्थन जुटाने के लिए भंते धम्म शिखर ने शनिवार को तिरोड़ी और कटंगी में बौद्ध अनुयायियों से मुलाकात की. यह आंदोलन 1890 के दशक में अनागारिक धर्मपाल द्वारा शुरू किया गया था . आंदोलनकारी बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 (बीटी एक्ट 1949) को रद्द करने और मंदिर का प्रबंधन पूरी तरह से बौद्ध समुदाय को सौंपने की मांग कर रहे हैं. बालाघाट में शांति धरना प्रदर्शन 10 जुलाई से शुरू किया जा रहा है. पहली बार सारनाथ में इसी दिन को तथागत गौतम बुद्ध ने अपना उपदेश दिया था. भंते धम्म शिखर ने बताया कि बालाघाट जिले की तरफ से याचिका लगाई गई है. 29 जुलाई को इसकी सुनवाई होनी है. हम सभी बौद्धों की मांग कि साक्ष्य के आधार पर कोर्ट अपना फैसला सुनाएं।

### यह रोड नक्शे में नहीं है, यहां से आना जाना प्रतिबंधित है

## राजस्व विभाग की अनदेखी का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

### बिसोनी के वार्ड क्रमांक 19, 20 दखनीटोला आवास का मामला



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसोनी के दखनीटोला आवास में एक सड़क ऐसी भी है जो दलदल में बदल गई है। जहां से वाहन चलना तो दूर पैदल चलना भी दुर्भर हो गया है। वहीं हर वर्ष बारिश में होने वाली तकलीफ को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार पंचायत के जिम्मेदारों को अवगत कराया जाता है परंतु जिम्मेदार हैं की ध्यान हीं नहीं देते और उक्त मार्ग को नक्शे में नहीं होने की बात कर रहे है, जिससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने आज रास्ते को ही बंद कर दिया है। जिस पर एक तख्ती में 'यह रोड नक्शे में नहीं है, कृपया इस रोड से आना-जाना प्रतिबंधित है। समस्त ग्रामीणजन ग्राम पंचायत बिसोनी (दखनीटोला) लिखकर टांग दिया है। बताया जा रहा है कि पंचायत द्वारा हर वर्ष ग्रामीणों को उक्त मार्ग के दुरूस्तीकरण का हवाला दिया जाता है परंतु वर्षाकाल बीत जाने के बाद यह वादे हवा हवाई हो जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार उक्त मार्ग में विगत दिनों ग्रापं द्वारा आवागमन की समस्या को देखते हुए मुरूमीकरण किया गया परंतु लगातार बारिश होने और बड़े वाहनो की आवाजाही से मुरूम कीचड़ में तब्दील हो गया। जिससे यहां के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस संबंध में विधायक राजकुमार कर्राहे ने सरपंच एवं सचिव से उक्त मार्ग को तुरंत नक्शे मे दर्ज कराकर पक्की सड़क निर्माण के लिये आदेशित किया है ताकि आवास के ग्रामीणों को बारिश के परेशान न होना पड़े। उल्लेखनीय है की दखनीटोला आवास में कीचड़ से भरे मार्ग के किनारे करीब आधा सैकड़ा परिवार है जिनके द्वारा प्रतिदिन अपनी जरूरत के लिए उक्त मार्ग का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार हर अति आवश्यक जरूरत के लिए भी लोगों को घरों से निकलकर कीचड़ में पैदल चलकर रोड तक आना पड़ रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश भरा हुआ है।

**नक्शे में दर्ज ही नहीं है उक्त मार्ग:** जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बिसोनी के दखनीटोला आवास के वार्ड क्रमांक 19,20 में स्थित मार्ग ग्राम पंचायत के नक्शे में मौजूद ही नहीं है जिसके कारण मार्ग के निर्माण की स्वीकृति नहीं मिल पा रही है। जिस पर ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाया गया की सरपंच-सचिव द्वारा हर काम में कमीशन के चक्कर में विकास कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जाता। तथा उक्त मार्ग के निर्माण और नक्शे में दर्ज कराने के लिये कई मर्तबा कहा गया परंतु सरपंच-सचिव द्वारा बाद में देखते हैं कहकर टाल दिया जाता है जिसके परिणाम स्वरूप आज यह स्थिति है।ग्रामीणों ने कहा की ग्राम पंचायत बिसोनी के सरपंच एवं सचिव द्वारा लगातार ही हमारे साथ दोहरा व्यवहार किया जा रहा है और आवास के लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जाता है।

**तहसील कार्यालय से नहीं हुई कार्यवाही:** इस संबंध में ग्राम पंचायत बिसोनी के सरपंच प्रतिनिधी और पूर्व संरपंच विजय वारे ने कहा की हमारे द्वारा उक्त मार्ग के निर्माण के संबंध में विधायक राजकुमार कर्राहे से निवेदन किया गया था जिनके द्वारा तहसीलदार को उक्त मार्ग को नक्शे में दर्ज कराने की प्रक्रिया के लिये निर्देशित किया गया था तथा मार्ग के नक्शे में दर्ज होने के बाद पक्की सड़क निर्माण के लिये पंचायत को आदेशित किया गया था परंतु तीन माह से अधिक समय बीतने के बाद भी तहसील कार्यालय से उक्त आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे बारिश के मौसम में दखनीटोला आवास के मार्ग के हालत दयनीय हो चुकी है।

### इनका कहना है

दखनीटोला आवास के ग्रामीणों द्वारा मार्ग बंद किये जाने की जानकारी मुझे मिली है। मेरे द्वारा सरपंच सचिव को पूर्व में ही उक्त मार्ग को राजस्व के नक्शे में दर्ज कराने के लिये तहसील कार्यालय में आवेदन करने के लिये निर्देशित किया जा चुका है परंतु उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर आज पुनः मैने सरपंच-सचिव को निर्देशित किया है और फटकार भी लगाई है। ग्रामीणों को जो परेशानी हो रही है उसका शीघ्र ही निराकरण किया जाएगा।

**राजकुमार कर्राहे, विधायक**
**लांजी-किरनापुर विधानसभा**



दखनीटोला आवास मार्ग जो 100 वर्षों से भी पुराना है, परंतु उक्त मार्ग का राजस्व के नक्शे में दर्ज न होना विभाग की बहुत बड़ी चूकी है। इस रोड में हमेशा ही ग्रामीणों को बारिश के समय दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण पिछले कई वर्षो से उक्त मार्ग के निर्माण के लिये शासन प्रशासन से गुहार लगा रहे है परंतु कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बीते वर्ष यहां के ग्रामीणों द्वारा मार्ग में रोपे लगाकर अपना विरोध जताया गया था जिसके बाद विधायक द्वारा शीघ्र ही रोड निर्माण का आश्वासन दिया गया था परंतु समय के साथ यह भी आई और गई वाली बात हो गई।

**पवन कश्यप, उपसरपंच**
**ग्राम पंचायत बिसोनी**

### जनप्रतिनिधियों व श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

### विधायक विवेक पटेल सहित जनप्रतिनिधिगण हुए शामिल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ यात्रा की तर्ज पर वारासिवनी में भी प्रथम बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इस रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ के भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा नगर के जैन मोहल्ला स्थित भगवान श्री कृष्ण मंदिर से निकाली गई। जो गोलीबारी चौक, अम्बेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक, दीनदयाल चौक के भ्रमण के बाद नगर के श्री राम मंदिर पहुंची। जहाँ भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया।

इस रथ यात्रा के दौरान भक्तों ने भगवान के रथ को अपने हाथों से खींचा, इस रथ यात्रा में भक्तों का सैलाब नजर आया। यह रथ यात्रा रामलला समिति द्वारा भगवान श्री कृष्ण मंदिर से निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान हरे राम, हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, हरे हरे की धुन गूँजती रही। रथ यात्रा के सामने-सामने विधायक विवेक विक्की पटेल व अन्य जनप्रतिनिधियों झाडू से सडक़ को साफ करने का कार्य भी किया गया। जिससे भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा स्वच्छ व साफ सुधरी सडक़ से गुजरे।

**भगवान जगन्नाथ का रथ रहा आकर्षण का केंद्र:** इस रथ यात्रा को अनुपम बनाने के लिए रथ यात्रा की बहुत ही सुंदर साज सज्जा की गई थी। रथ पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को विराजित किया गया था । सभी देवी देवताओं की रथ यात्रा श्रीकृष्ण मंदिर से निकलने के पूर्व उनकी पूजा अर्चना विधि विधान के साथ की गई। उसके बाद रथ यात्रा को नगर भ्रमण के लिए निकाला गया। प्रथम बार निकाली गई रथ यात्रा आकर्षण का केंद्र रही, वहीं अगले वर्ष और इसे भव्य रूप में निकाली जाने की बात समिति द्वारा कहीं गई। रथ में कुछ सामग्री महाकाल की नगरी उज्जैन से लाकर लगाई गई थी।

**विधायक, पूर्व विधायक व श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान का रथ:** विधायक विवेक पटेल, पूर्व विधायकद्वय डॉ. योगेन्द्र निर्मल व प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष सरिता दांदरे ने भी अपने हाथों से भगवान जगन्नाथ का रथ खींचा। रथ यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान भक्तों व नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना कर दर्शन किया। रथ यात्रा में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की संख्या अत्यधिक दिखाई दी। ढोल-नगाड़ो व आतिशबाजी के साथ निकाली गई भगवान जगन्नाथ की यात्रा के दौरान विविध सामाजिक व धार्मिक संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। भगवान जगन्नाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए नगर में जगह-जगह पुलिस बल भी मौजूद रहने के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी रथ यात्रा के साथ चलते रहे।

## महाविद्यालय में 3 दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 3 दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन 3 जुलाई से 5 जुलाई तक महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में प्राचार्य डॉ. एस. एस. गेडाम एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. हेमंत कुमार मण्डाले, डॉ. एम. घोरमारे, डॉ. प्रवीण कुमार पन्द्रे डॉ. तृप्ति सोनवे, डॉ.पूर्णिमा कुमरे एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रक्षा निकोसे द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रथम दिन 03 जुलाई को नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के समक्ष विभिन्न संकाय प्रभारियों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। गणित विभागाध्यक्ष डॉ. एम. घोरमारे द्वारा गणित विभाग में संचालित कोर्स तथा छात्रवृत्ति से संबंधित जानकारियां दी गई। प्राणी शास्त्र विभाग प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार पन्द्रे द्वारा विभाग की जानकारी छात्र-छात्राओं से सांझा की गई।

# खबर संक्षेप



## मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**केवलारी-** मोहर्रम पर्व को लेकर के शांति समिति की बैठक का आयोजन शिवशंकर रामटेकर थाना प्रभारी के नेतृत्व में स्थानीय गणमान्य नागरिको पत्रकारों की उपस्थिति में थाना में आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि दिनांक 5 जुलाई 2025 को रात के 8:00 से निकलने वाले ताजिया का दिनांक 6 जुलाई 2025 को विसर्जन एवं जलने वाले अलाव को लेकर की चर्चा की गई एवं शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण से मोहर्रम को मनाये जाने के विषय में विस्तार से परिचर्चा की गई। इस मौके पर शहजाद खान रिटायर्ड बैंक मेनेजर, बाबा खान, लतीफ खान, भक्तराज बाबा, असलम खान, कादर खान, अरुण चौरसिया पूर्व जनप्रतिनिधि, रमाशंकर महोबिया,रफीक खान,राजू मेहरा पत्रकार, पवन यादव अधिवक्ता उपस्थित थे।

# धनौरा के 86 शासकीय विद्यालय के 1228 बच्चों को दानदाताओं से मिली डेस्क-बेंच

## गिफ्ट डेस्क पहल के लिए कलेक्टर सुश्री जैन से बच्चों ने कहा 'थेंक यू मेंम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शनिवार 5 जुलाई का दिन धनौरा के शासकीय प्राथमिक स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए नई सौगातें लेकर आया।स्थानीय दानदाताओं नें विकासखंड अंतर्गत आने वाले 86 शासकीय प्राथमिक विद्यालय में 614 डेस्क-बेंच उपलब्ध कराकर बच्चों के दिन को सदा के लिए यादगार बना दिया। दानदाताओं से मिली डेस्क से इन विद्यालयों में अध्ययनरत 1228 बच्चों को अब नीचे नही बैठना पड़ेगा। अब इन विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चें सुविधाजनक रुप से अपनी पढ़ाई कर सकेंगे।

स्कूली शिक्षा सुविधा के उन्नयन की दिशा में यह ऐतिहासिक उपलब्धि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही गिफ्ट अ डेस्क पहल के कारण संभव हो सकी।

इसी परिप्रेक्ष्य में शनिवार को



कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की विशेष उपस्थिति में धनौरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर सुश्री जैन में सभी दानदाताओं को धन्यवाद पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह भलावी, जिला पंचायत सदस्य श्री घूरसिंह सल्लाम, पूर्व जनपद सदस्य नवल किशोर श्रीवास्तव, सरपंच दिनेश कुर्वेती सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में दानदाताओं की सहभागिता रही।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने कहा कि शिक्षा समाज के निर्माण मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा सिर्फ नौंकरी का जरिया नही है। एक शिक्षित किसान उन्नत तकनीकों से बेहतर उत्पादन प्राप्त कर अच्छी आय ले सकता है, एक शिक्षित माँ अपने बच्चों की उचित देखभाल कर सकती है, एक शिक्षित समाज समस्याओं को आपसी समझ से निराकरण करते है।

कलेक्टर सुश्री जैन ने गिफ्ट अ डेस्क पहल के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि पहल का मुख्य उद्देश्य सुगम कक्षा और सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर बच्चों को स्कूलों तक लाना और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। कलेक्टर सुश्री जैन ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित कर कहा कि बच्चों की बेहतर शिक्षा में समाज की भी भूमिका की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने ग्राम के बच्चों की जिम्मेदारी लेने की जरूर है कि बच्चें अनिवार्य रूप से स्कूल जाये। इसी तरह शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को रोचक रूप से पढ़ाया जाये। कलेक्टर सुश्री जैन ने गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष शासकीय विद्यालय में हुए 153% अधिक प्रवेश के लिए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

कलेक्टर श्री जैन ने धनौरा विकासखण्ड के ग्राम देवरीटिका के डगवेल रिचार्ज मॉडल के लिये मैदानी अमले की सरहाना की। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से वर्षा जल के संचय का संकल्प लेकर भूजल को बढ़ाने के प्रयास करने के लिये प्रेरित किया।

### धरती आबा अभियान का नाट्य रूप प्रदर्शन रहा आकर्षण का केन्द्र

कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा अतिथियों के समक्ष विभिन्न मनमोहक नृत्य एवं नाट्यकला का प्रदर्शन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय भाई-बहनों के लिए चलाई जा रही धरती आबा अभियान अंतर्गत ग्रामवार आयोजित किये जा रहे शिविरों का सजीव चित्रण कर अभियान में मिल लाभों के बारे में बताया गया। जिसकी सभी के द्वारा सराहना की गई। कलेक्टर सुश्री जैन ने उपस्थिति जनप्रतिनिधियों से धरती आबा योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने में सहयोग करने की अपील की।

# सेंप्टिक टेंक के खुदे गड्ढे में डूबने से दो बालकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

समीपस्थ ग्राम खापा मे पानी में डूबने से दो जुड़वा भाईयो की मौत हो गई, मिली जानकारी के अनुसार रामजी झारिया के जुड़वा बेटे प्रबल और प्रभात दोनों जुड़वा भाई उम्र 5 वर्ष कि घर में ही खोदे गये सेप्टिक टैंक के गड्ढे मे गिरने से मौत हो गयी। अचानक घटी अप्रत्याशित घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी शिवशंकर रामटेकर खापा पहूंचकर मौके का मुआवना कर दोनों मृत बालको का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर पीएम के लिये भेज दिया गया ।

## विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर आयोजित होंगे विधानसभा स्तर पर होगा बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर का प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 07 जुलाई से 17 जुलाई तक विधानसभा स्तर पर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसके लिए 05 जुलाई को मुख्यनिर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा मास्टर ट्रेनर्स एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुआ।

# डॉक्टर ने जोड़ा हरियाली से रिश्ता, पौधारोपण कर दे रहे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

डॉ अमित सुलखिया ने अपनी स्वर्गीय माता के जन्म दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया बीजा डांडी में इस साल भी लगवाए 10 पौधे पर्यावरण एवं धरती को बचाने के लिए पेड़-पौधे लगाना आवश्यक पौधों के पेड़ बनने तक उनका संरक्षण करने का भी संकल्प लिया। डॉक्टर अमित सुलखिया ने बताया कि आज के समय में जो पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है उसका एक ही कारण है कि मानव ने अपने स्वार्थ के लिए पेड़ पौधे एवं वन्य प्राणियों को नष्ट कर दिया है आज जो गर्मी लग रही है इसका कारण है पेड़ पौधों का न होना प्रत्येक मनुष्य को अपने वन में कम से कम 10 पेड़ों की आवश्यकता होती है मानव वन में आए हैं तो हम कम से कम 10



पेड़ अवश्य लगाए जिससे पर्यावरण में जो गर्मी उत्पन्न होती है उस पेड़ पौधे लगाने से मौसम ठंडा होता है कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा पर्यावरण से कम होती है आगे ग्रामीणों ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने पानी को नदी तालाब में देखा, हमने पानी को कुआं तालाब एवं बावरी में देखा आज हमारे बच्चे पानी को बोतलों में देख रहे हैं क्या आने वाले पीढ़ी को हम पानी कैसे दे पाएंगे क्या यह हमने कभी सोचा है आगे वाली पीढ़ी को हम खुशहाल जिंदगी देना चाहते हैं तो हमको पर्यावरण की रक्षा करना पड़ेगी पेड़ लगाएंगे हम तभी पर्यावरण में बदलाव आएगा गांव में पौधारोपण किया।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए करेंगे पौधारोपण

पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया पौधारोपण कर धरती को बचाने के लिए संकल्प लिया. डॉक्टर अमित सुलखिया ने कहा कि कोरोना काल में बहुत से लोग ऑक्सीजन के अभाव में दम तोड़ दिया. यह लोगों को सोचने पर विवश कर दिया कि आने वाले दिनों में अगर हम अभी नहीं जगे तो धरती पर मानव वन खतरे में पड़ जाएगा. जिसके लिए हम सभी को अभी से ही जगने की जरूरत है. हम कितना भी पौधा लगा ले जब तक सभी के दिल में पर्यावरण सुरक्षा के प्रति भाव नहीं जगेगा तब तक हम उसकी रक्षा नहीं कर सकते हैं. वर्तमान समय में मौसम में लगातार परिवर्तन होने से जनवन एवं फसल चक्र भी पूरी तरह से प्रभावित है. समय पर खेती का नहीं होना एवं बेमौसम प्राकृतिक प्रकोप का होना ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव है. इन सभी से बचने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करने की जरूरत है.

संभाग अध्यक्ष विजय यादव ने कहा अपने माँ के नाम पर दो पौधा जरूर लगाना चाहिए. इस मौके पर मयंक नामदेव , भागवत मरकाम , पूर्व सरपंच अलका कुम्हारे, फिरदौस ख़ान , विशाल वरकड़े, दीपिका यादव, काजल बैरागी, दीपिका बर्मन,रूपम, आश्वर्य मेडिकल बीजाडांडी के स्टाफ़ सहित अन्य लोगों ने भी पौधरोपण करने का संकल्प लिया.

# हीरा सूखा परधान महासभा ने की प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा से भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

गत 4 जुलाई सुबह 9.30 बजे सिवनी सर्किट हाउस में हीरा सूखा परधान महासभा सिवनी के पदाधिकारियों ने मध्यप्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला सिवनी करण सिंह वर्मा से भेंट की। मंत्री जी को पुष्प गुच्छ एवं श्री फल देकर उनका स्वागत वंदन किया गया। इस अवसर पर हीरा सुखा परधान महासभा सिवनी के जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंह धुर्वे , बीझावाडा सरपंच योगेश उईके हीरा सुखा परधान महासभा युवा प्रकोष्ठ जिला सचिव आलोक राज जी एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे। हीरा सुखा परधान महासभा सिवनी



ने पेनठाना हेतु भूमि मांग पत्र सौंपा गौरतलब है कि पिछले वर्ष जबलपुर रोड बाईपास बीझावाडा में भारत सरकार केन्द्रीय मंत्री एवं जनजातीय विभाग मंत्री माननीय दुर्गा दास उईके जी के कर कमलों से पेनठाना का भूमिपूजन किया गया, इस अवसर पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जी, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले जी, तत्कालीन भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे , बीझावाडा सरपंच योगेश उईके , हीरा सूखा परधान महासभा जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंह धुर्वे , एवं समस्त समाजिक कार्यकर्ता, भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे थे।

आज मध्य प्रदेश सरकार राजस्व मंत्री एवं सिवनी प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा के समक्ष संगठन द्वारा पेनठाना हेतु भूमि मांग पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर बरघाट विधायक श्री कमल मर्सकोले , पूर्व जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे ने आदिवासी समाज की बात को मंत्री के समक्ष रखा। माननीय मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तहसीलदार सिवनी नितिन चौधरी द्वारा एन.ओ.सी. क्लीयरेंस के पश्चात भूमि आवंटन की प्रक्रिया करने के लिए आश्वस्त किया।

# भक्ति के माध्यम से बीमारियां भी ठीक हो जाती है- धर्म सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर मे महासमाधि धारपरम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर महाराज के सानिध्य में 5 जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएँ संपन्न हुईं । म
नि श्री धर्म सागर महाराज का केशलोंच संपन्न हुआ,दोपहर में नंदीश्वर विधान चल रहा है ,इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री भाव सागर महाराज ने कहा कि भक्ति के अनेक रूप होते है , भक्ति के माध्यम से



बीमारिया भी ठीक हो जाती है ।कमेटी ने बताया कि चातुर्मास स्थापना भक्ति पाठ 9 जुलाई बुधवार को ,गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई गुरुवार को प्रातः 8 बजे आचार्य श्री की विशेष पूजन के साथ वीरशासन जयंती 11 जुलाई शुक्रवार कोप्रातः 8 बजे चातुर्मास कलश स्थापना महोत्सव 12 जुलाई शनिवार को दोपहर 1बजे से राशि लॉन ,बारापत्थर में सम्पन्न होगा,इस कार्यक्रम में भारत के कई नगरों से लोग शामिल होंगे, परम पूज्य मुनि श्री भाव सागर महाराज का 22 वाँ मुनि दीक्षा दिवस महोत्सव एवं भगवान श्री नेमिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव 30 जुलाई को मनाया जाएगा।

# आजः देवशयनी एकादशी से होगी चातुर्मास की शुरुआत, मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

**पंचांग गणना के अनुसार रविवार को देवशयनी एकादशी पर साध्य योग में चातुर्मास का आरंभ होगा। इसके साथ ही विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

चार माह धर्म, अध्यात्म, तीर्थाटन में समय बीतेगा। आस्थावान व्रत, अनुष्ठान व चातुर्मास के नियमों का पालन करेंगे। हिंदू धर्म परंपरा में चातुर्मास के चार माह त्योहारों की झड़ी भी लगेगी तथा राखी, जन्माष्टमी, दशहरा, दीपावली सहित अन्य त्योहार मनाए जाएंगे। दो नवंबर को देव उठने के बाद एक बार फिर मांगलिक कार्य शुरू होंगे। ज
योतिषाचार्य ने बताया कि सनातन हिंदू धर्म परंपरा में देवशयनी ऐकादशी से चातुर्मास की शुरुआत मानी गई है। इसे चौमासा व वर्षावास भी कहते हैं। धर्मशास्त्र में चातुर्मास के चार माह धर्म,



अध्यात्म के बताए गए हैं। इस दौरान भक्तों को तीर्थाटन, दान, धर्म, उपवास, भागवत पारायण करते हुए पुण्यों का संचय करना चाहिए।

इससे इष्ट देव की कृपा होती है, साथ ही ज्ञात व अज्ञात दोषों से निवृत्ति मिलती है तथा भाग्योन्नति होती है। इस बार 6 जुलाई रविवार के दिन विशाखा नक्षत्र में चातुर्मास का आरंभ हो रहा है। इसी दिन साध्य योग और वणिज उपरांत बव करण भी है। तुला राशि के चंद्रमा की साक्षी में चातुर्मास का आरंभ विशेष लाभप्रद रहेगा। एक मान्यता के अनुसार गुरु पूर्णिमा वाले दिन से भी चातुर्मास के आरंभ की मान्यता बताई जाती है।

### चातुर्मास में यह व्रत त्योहार खास

पंचांग की गणना के अनुसार चातुर्मास के व्रत त्यौहार गुरु पूर्णिमा से आरंभ होकर जया पार्वती का व्रत, महाकालेश्वर की सवारी, कामदा एकादशी, हरियाली अमावस्या, नाग पंचमी, कल्कि जयंती, तुलसीदास जयंती, पवित्रा एकादशी, रक्षाबंधन , कजली तीज, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गोगा नवमी, अजा एकादशी, गोवत्स द्वादशी, कुशोत्पाटिनी अमावस्या, पिठोरा अमावस्या, रामदेव बीज, सामवेदियों का उपाकर्म, हरितालिका तीज, पार्थिव गणेश की स्थापना, ऋषि पंचमी, सूर्य छठ, संतान सप्तमी, तेजा दशमी, वामन जयंती, अनंत चौदस, महालय श्राद्ध, शारदीय नवरात्र, दशहरा, शरद पूर्णिमा, करवा चौथ, अहोई अष्टमी, धनतेरस, नरकहरा चतुर्दशी, दीपावली, भाई दूज, गोवर्धन पूजा, सौभाग्य पंचमी, पांडव पंचमी, सूर्य छठ, गोपाष्टमी, आंवला नवमी, देवउठनी एकादशी, बैकुंठ चौदस, कार्तिक की पूर्णिमा।

## जिला स्तरीय हितलाभ वितरण कार्यक्रम प्रभारी के मुख्यातिथ्य में हुआ आयोजित

# प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 1492 स्कूली बच्चों के खातें में लेपटॉप के लिए पहुँची 25-25 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार 04 जुलाई को सांदीपनि विद्यालय छपारा में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का जिलास्तरीय हितलाभ वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले जिले के 1492 विद्यार्थियों को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित हुई। कार्यक्रम में विधायक श्री दिनेश राय, विधायक श्री रजनीश सिंह ठाकुर, विधायक श्री कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्यजन और स्कूली छात्र- छात्राओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित कर प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने कहा की शासन की महत्वपूर्ण योजना द्वारा प्रदेश के 94 हजार से अधिक प्रतिभाशाली



छात्र-छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किया जाना निश्चित रूप से हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा की शासन के इस प्रोत्साहन से बच्चे नवीन तकनीक से जुडक़र ओर बेहतर रूप से अध्ययन कर सकेंगे। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए है, नवीन शिक्षा नीति के बाद शिक्षा का स्तर में भी परिवर्तन आया है। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा कहा कि प्रत्येक ग्राम तक पक्की सडक़ और प्रत्येक घर तक बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं की पहुँच हो, इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने प्रदेश में राजस्व विभाग में आम नागरिकों की सुविधा के लिए किये जा रहे नवाचारों को विशेष रूप से रेखांकित किया।

### गिफ्ट अ डेस्क पहल की सराहना की

प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने जिलें के प्रत्येक प्राथमिक शासकीय विद्यालय में डेस्क- बेंच की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दानदाताओं के सहयोग से चलाई जा रही गिफ्ट अ डेस्क पहल की सराहना कर स्वयं 20 हजार रुपये का सहयोग करने की बात की। विधायक दिनेश राय ने लाभान्वित हुए विद्यार्थियों को बधाई देकर भविष्य में भी पूरे जान से मेहनत कर अपने और अपने माता पिता के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छात्र-छात्राओ की बेहतर शिक्षा के अधोसंरचना के साथ ही सभी जरूरी इंतजाम किए गए है।

विधायक श्री कमल मर्सकोले ने कहा कि स्कूली शिक्षा के उन्नयन की दिशा में स्कूल- कॉलेजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे की सुविधा एवं प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति, साइकल व्यवस्था, लेपटॉप दिया जा रहा है। विधायक श्री मर्सकोले ने उपस्थित बच्चों को मेहनत कर अपने लक्ष्य को पाने के लिये प्रेरित किया।

विधायक रजनीश सिंह ठाकुर ने कहा कि स्कूली शिक्षा में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्य निश्चित रूप से युवाओं के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार ही व्यक्ति को समाज मे आगे ले जाते है, सभी बच्चे अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार और आचार- विचार को आत्मसात करने का प्रयास करें।

आयोजित कार्यक्रम में सभी के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को देखा एवं सुना गया।

## संकुल स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्या का निदान करने के निर्देश

**सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार 4 जुलाई को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से परिचय लेकर प्रतिनिधियों से वन टू वन चर्चा की गई एवं बिंदुवार समस्या के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर द्वारा सभी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझावों

# सुजीत जैन से भाजपा पदाधिकारियों ने की सौजन्य भेंट

**हरिभूमि न्यूजःसिवनी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बैतूल जिले के लंबे समय से प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुजीत जैन से आज सिवनी के कार्यकर्ताओं ने सौजन्य भेंट की। यह भेंट हाल ही में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के अवसर पर हुई। इस हर्षपूर्ण अवसर पर भाजपा पदाधिकारी लालमणि लालू राय जिला उपाध्यक्ष , गजानन पंचेश्वर जिला महामंत्री , संजय पप्पू सोनी नगर अध्यक्ष , अनूप मिश्रा नगर उपाध्यक्ष , अलकेश रजक पूर्व पार्षद एवं सभापति नगर उपाध्यक्ष , शुभम राजपूत उपाध्यक्ष युवा मोर्चा , राजकुमार बामनिया अनुसूचित जाति मोर्चा , आलोक राज अनुसूचित जाति मोर्चा , नवनीत सिंह ठाकुर पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा राकेश मालवीय मीडिया प्रभारी व्यापारी प्रकोष्ठ ने सुजीत जैन का मुंह मीठा कराकर स्मृति स्वरूप उपहार देकर उन्हें बधाई दी,

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एस.एस.(गणित, भौतिक,रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईनप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-D इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी
सभी प्रकार की जांच सुविधा)
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

**खबर संक्षेप**

### तिरोड़ी में महंगे दाम पर बेची जा रही शराब

**कटंगी।** बालाघाट जिले की मार्यल नगरी तिरोड़ी की देशी-अंग्रेजी शराब दुकान में एमआरपी से अधिक दाम में शराब बेचने की शिकायत सामने आई है. जिससे ग्राहकों को नुकसान हो रहा है. वहीं इस तरह की शिकायतें बता रही है कि तिरोड़ी के शराब दुकान ठेकेदार को शासन प्रशासन का कोई डर नहीं है. आबकारी विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे है. सूत्रों की मानें तो अधिक कीमत में शराब बेचे जाने की शिकायत विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से एक नहीं बल्कि कई बार मौखिक तौर पर की गई है. मगर, इन मौखिक शिकायतों पर विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है. विभाग को शायद लिखित शिकायत का इंतजार है. शासन की गाइडलाइंस के बावजूद तिरोड़ी में 40 प्रतिशत से ज्यादा तक में शराब बेची जा रही है. बोतल में लिखी एमआरपी से 50 से लेकर 200 रुपए अधिक कीमत में शराब बेची जा रही है. एमआरपी यानी अधिकतम खुदरा मूल्य से ज्यादा पर किसी भी सामग्री को नहीं बेचा जा सकता लेकिन तिरोड़ी में शराब बेची जा रही है जो अपराध की श्रेणी में शामिल है. तिरोड़ी के ग्राहकों ने बताया कि दुकान में बैठा गद्दीदार अधिक दाम में शराब भी बेच रहा है और ग्राहकों से अभद्र भाषा का उपयोग भी करता है।

## नक्सली उन्मूलन के नाम पर आदिवासियों से पुलिस की गुंडागर्दी : कंकर मुंजारे

# जमीन दिलाने के नाम पर नैनसिंह को ले गई पुलिस

## परिजनों ने पुलिस पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

हट्टा थानान्तर्गत गोदरी पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक रिंकु राणा ने ठाकुरटोला निवासी नैनसिंह धुर्वे से पहले मित्रता की, एक साल तक समय बिताया। रेत, गिट्टी सामग्री ली, फिर जमीन दिलाने के नाम पर अपने साथ ले गया। तीन दिन से लांजी जेल में बंद कर दिया हैं। जिला मुख्यालय पहुंचे नैनसिंह धुर्वे की पत्नी कुंतीबाई तथा उसकी माँ और उसके छोटे भाई भैनसिंह धुर्वे ने पुलिस प्रशासन पर प्रताड़ना के आरोप लगाएं हैं।

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के साथ नैनसिंह के परिजन तथा ग्राम ठाकुरटोला के आधे सैकड़े से भी ज्यादा आदिवासी ग्रामीणों ने सर्किट हाउस बालाघाट में प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को बताया कि पुलिस विभाग आदिवासियों के साथ अत्याचार कर रही हैं। नैनसिंह की माँ धुर्पता धुर्वे ने रोते हुए बालाघाट मीडिया के समक्ष बताया कि 4-5 पुलिस वाले 4 दिन पहले 3 जुलाई को ठाकुरटोला मेरे निज निवास में जबरदस्ती घर में घुसकर तलाशी ली और दोनो दरवाजों पर पुलिस खड़ी हो गई और हमें हमारे ही घर में घुसने नहीं दे रही थी। 1 घंटे तक तलाशी के बाद जबरदस्ती कुछ कागज-पत्र हमारी पेटी में रखकर कहा कि तुम्हारा बेटा नक्सलियों से मिला हैं। उस पर कार्यवाही होगी।

### बोले पूर्व सांसद कंकर मुंजारे - आदिवासियों की आजादी पर हमला

दलित आदिवासियों की आवाज बन चुके पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने प्रेस को बताया कि नक्सली उन्मुलन के नाम पर बालाघाट पुलिस भोले-भाले, सीधे-साधे आदिवासियों का फर्जी एनकांउटर कर अपनी पीट थप थपा रही हैं। पुलिस महकबे में पदस्थ आरक्षक अधिकारी पदोन्नति के लिए सीधे-साधे आदिवासियों की नक्सली उन्मूलन के नाम पर हत्याएं की जा रही हैं। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा हैं, सीधे साधे नैनसिंह धुर्वे को पुलिस जबरदस्ती उठाकर ले गई हैं। हम पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि नैनसिंह धुर्वे को रिहा किया जाएं।



### आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार पर मौन हैं भाजपा विधायक राजकुमार कर्राहे

लांजी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गोदरी के ठाकुरटोला निवासी नैनसिंह धुर्वे की गिरफ्तारी पर सत्ताधारी विधायक राजकुमार कर्राहे मौन साधे हुए हैं। पुलिस द्वारा आदिवासियों के साथ नक्सली उन्मूलन के नाम पर अत्याचार किया जा रहा हैं। आश्चर्य की बात हैं सत्ता में बैठे भाजपा विधायक राजकुमार कर्राहे पर आदिवासियों ने विश्वास नहीं जताया तथा अपने ऊपर हो रहे अत्याचार को लेकर भाजपा विधायक राजकुमार कर्राहे से अपनी बात आदिवासी नहीं बता पा रहें हैं। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे दलित और पिछड़े आदिवासियों की आवाज बनकर मुखर हो रहें हैं।

### पुलिस विभाग ने किया प्रेसनोट जारी

ग्राम ठाकुर टोला का रहने वाला नैनसिंह धुर्वे की लगातार नक्सलियों की मदद करने एवं नकारल विचारधारा का प्रचार प्रसार करने संबंधी विधिविरूद्ध क्रिया कलापों में शामिल होने की आसूचना प्राप्त हो रही थी। जिस पर गुप्त रूप से पैनी निगरानी रखी गयी।




पर्याप्त आसूचना पर, ठाकुरटोला निवासी नैन मिह धुर्वे से गहन पूछताछ की गई जिसने नक्सल गतिविधियों में शामिल होना स्वीकार किया। उसने बताया कि गांव में पिछले 06 महीनों में करीवन 3 से 4 बार नक्सलियों द्वारा बैठक ली गई। नैनसिंह धुर्वे द्वारा नक्सलियों की मांग पर आई.डी. ब्लास्ट में उपयोग की जाने वाली कुकर बम्ब बनाने की सामग्री तथा मल्टीमीटर बैटरी, बायर, ब्राउन टेप, ग्रीस, इलेक्ट्रॉनिक टेप, बोल्ट कटर आदि उपलब्ध कराई गई।

नैन सिंह धुर्वे के घर की सर्चिंग करने पर नक्सली संतू की हस्तलिपि में एक सूची प्राप्त हुई है जिसमे स्पष्ट रूप से विस्फोट करने की उक्त सामग्री उपलब्ध कराने की बात कही गयी है।

अतः ग्राम ठाकुर टोला के नैनसिंह धुर्वे के खिलाफ विधि विरूद्ध क्रियाकलाप की गतिविधि में संलिप्त होने के पर्याप साठ्य प्राप्त हुए है। इसके निवास स्थान से प्राप्त नक्सलियों की हस्तलिपि की पर्ची को विधिवत बीएनएसएस की धारा 105 के तहत विडियो रिकार्ड कर जब्त की गई। नेन सिंह धुर्वे से जब्त मोबाइल फोन का एनालिसिस किया जा रहा है।

## रेल कोच रेस्टोरेंट में यात्रियों और आम लोगों को जल्द मिलेगी खानपान की सुविधा - मोनिल जैन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेलवे जोन सलाहकार सदस्य श्री मोनिल जैन ने बताया कि बालाघाट में भी बड़े शहरों की तर्ज पर रेलवे एक रेल कोच रेस्टोरेंट की सुविधा बालाघाट में भी देना जा रहा है । रेलवे ने देश के अलग-अलग स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट शुरुवात की है। कई स्टेशनों पर यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाओं का अहसास कराने के लिए रेल कोच रेस्टोरेंट खोले जा रहे है । इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा गोंदिया, छिंदवाडा तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी रेलवे स्टेशनों के बाद अब बालाघाट स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट संचालन हेतु निविदा जारी कर दी है ताकि इन स्टेशनों में रेल कोच रेस्टोरेंट का लाभ न केवल रेल यात्रियों बल्कि आस-पास के आम लोगों को भी मिल सकें।जोन रेल सलाहकार श्री मोनिल जैन ने बताया कि बालाघाट स्टेशन के मुख्य द्वार के समीप रेल परिसर का स्थान चिन्हित किया गया है । जिससे आम जनता भी इसकी पहुंच में रह सके, रेलवे स्टेशनों पर खानपान हेतु कैटरिंग स्टाल उपलब्ध है परन्तु स्टेशन परिसर में भी यह सुविधा रेल कोच के माध्यम से उपलब्ध कराया जाने से रेल यात्रियों के अलावा आम जनता को भी रेल कोच रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ सुसज्जित कोच का आनंद उठा सकेगें और बिक्री क्षमता में भी वृद्धि होगी ।

श्री मोनिल जैन ने बताया कि विगत 10 सालों में रेलवे ने यात्री सेवा में अभूतपूर्ण कार्य किया है , बालाघाट जंक्शन को अमृत भारत में शामिल किया एवं बड़े शहरों को तर्ज पर उनयन करने की लगातार यात्री सुविधा पर कार्य कर रही है । उन्होंने बताया कि बालाघाट में ट्रेन परिचालन को भी लेकर लगातार कार्य कर रही है , वही सुरक्षा मापदंड एवं टेक्निकल मापदंड को पूर्ण कर जल्द ही ट्रेनों के परिचालन की व्यवस्था में लगी हुई है। बालाघाट में नवीन ट्रेन परिचालन एवं विस्तार शीघ्र किया जाना है । रेलवे यात्री सुविधा में सुधार हेतु समय समय पर बैठकों में मुद्दे रखे गए है , जिसका परिणाम है कि आज अमृत भारत स्टेशन की यह सुविधा भी मिली है, साथ ही अमृत भारत योजनांतर्गत विस्तार एवं सुधार हेतु लगातार प्रयासरत है ।

## खेतों में पानी भरने से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम प्रदर्शन

### बिल्डर के प्लाटिंग करने से बनी विपरीत स्थिति,समर्थन में विधायक अनुभा मुंजारे पहुंची

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट बालाघाट मुख्यालय के निकट ग्राम आंवलाझरी में किसानों के खेतों में जमकर पानी भर जाने और धान रोपाई नही होने से नाराज किसानों ने चक्काजाम कर बालाघाट से बैहर मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। जिससे यहां पर काफी देर तक गहमागहमी का माहौल रहा। वाहनों की लंबी कतारे लगी रही। किसानों के चक्काजाम प्रदर्शन करने की सूचना पर क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे पैर फेक्चर होने के बावजूद व्हील चेयर पर पहुंची और समर्थन देते हुये पानी निकासी की व्यवस्था बनायी गई। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे भी पहुंचे थे. बताया गया कि आंवलाझरी में एक बिल्डर ने जमीन खरीदी कर वहां पर प्लाटिंग का कार्य शुरू किया हैं। जिससे आसपास के किसानों के खेतो के पानी निकासी पूरी तरह से अवरूद्ध हो गई। पानी रूकने से किसानों द्वारा धान की रोपाई नहीं हो रही है। किसानों का कहना हैं कि उनकी धान फसल को क्षति पहुंच रही हैं। जिसमें देवटोला,आंवलाझरी,बघोली और बोदा गांव के किसानों को ज्यादा समस्या बन रही हैं। कई सालों से यहां पर पानी निकासी हो रही थी। लेकिन बिल्डर द्वारा पानी निकासी रोके जाने से किसानों के खेतों मे जमकर पानी भर गया है। इसके अलावा वहां कुछ मकान बना हैं वहां भी पानी भर गया है। किसानों का कहना रहा कि पानी निकासी कई सालो से हो रही और बिल्डर ने अभी जमीन लेकर प्लाटिंग की और नाला बंद कर दिया. मामले की लगातार शिकायत के बावजूद प्रशासन से सहयोग नहीं मिलने से नाराज होकर किसानों ने चक्काजाम प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार की टीम ने जेसीबी मशीन से पानी निकासी की व्यवस्था करवायी। जिसके पश्चात प्रदर्शन समाप्त हो गया।विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि कई वर्षो से किसानों के खेतों से पानी निकासी हो रही थी किसानों के खेतों का पानी रोका जाना गलत हैं। बिल्डर को नाला बंद नहीं करना चाहिए। किसानों को कोई दिक्कतें हुई तो आगे उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। किसानों की इस समस्या को प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया। जिसके चलते यह चक्काजाम करने बाध्य हुये हैं। राजस्व विभाग की जिम्मेदारी है कि पानी निकासी की व्यवस्था बनाये. कोई कितना ही रसूखदार हो पर पानी रोकने का किसने अधिकार दिया है।

## आदर्श दानपात्र सेवा समिति की पहल: दो बेसहारा परिवारो का बना सहारा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्राम उगली, तहसील केवलारी, जिला सिवनी में रहने वाली श्रीमती निकिता परते व गीता बर्मन अपने परिवार के साथ बेहद कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रही हैं। जो आर्थिक तंगी के चलते रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में भी असमर्थ हैं।इनकी हालत की जानकारी किसी सज्जन द्वारा आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट को दी गई। समिति द्वारा की गई जांच में पाया गया कि दोनों परिवार गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं और उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय है। समिति को इन परिवारों से ऐसी कई परेशानियों के बारे में जानकारी मिली, जिन्हें सुनकर समिति के सदस्य भी भावुक हो गए। हालात को देखते हुए आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट एवं जन सहयोग से दोनों परिवारों को कपड़े, राशन सामग्री व आर्थिक सहायता प्रदान की गई, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें और इस कठिन समय में उनका हौसला बना रहे। समिति का कहना है कि दोनों परिवारों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उन्हें आगे स्थायी मदद मिल सके। साथ ही, समिति ने इस सहयोग में योगदान देने वाले सभी सदस्यों और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया है। समिति के अध्यक्ष राहुल वैद्य ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे भी आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें और ऐसे पुनीत कार्यों में सहभागी बने।

### बिजली की अघोषित कटौती से बिजली उपभोक्ता परेशान

**लालबर्रा।** बीते कई दिनों और कई महीनो से विद्युत विभाग बिजली की अघोषित कटौती कर रहा है जि स से बिजली उपभोक्ता मे आक्रोश पनपता दिखाई दे रहा है पर विद्युत विभाग आम उपभोक्ताओं की सुद तक नहीं ले रहा है प्रतिदिन सुबह से लेकर रात तक अनेको मर्तबा बिजली की आपूर्ति बंद कर दी जाती है जिसके चलते उपभोक्ताओं के कार्य प्रभावित हो रहे हैं विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के अधिकारों को समझें और पल पल हो रही विद्युत कटौती से उपभोक्ताओं को निजात दिलाए कंजई और भांडामुर्री गांव के उपभोक्ताओं की मांग है कि पल-पल हो रही विद्युत कटौती बंद हो और टाइमिंग में बिजली की आपूर्ति बंद की जाए जिससे उपभोक्ताओं को पता रहे की समय-समय पर बिजली की कटौती होते रहती है।

### करीब 16 वर्षो से मोहर्रम की 9 तारीख को लंगर की चली आ रही परंपरा

## शहीदे कर्बला की याद में भरवेली में लंगर ए हुसैना संपन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हसन हुसैन और उनके 72 जानिसारो की शहादत का पर्व मुहर्रम 26 जून से जिले सहित पूरी दुनिया में धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मनाया जा रहा है। जिसके तहत रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम भरवेली में उर्दू माह मोहर्रम की 9 तारीख को शहीदे कर्बला की याद में लंगर ए हुसैन का आयोजन किया गया। जहां पिछले 16 वर्षो से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए सभी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सर्व समाज, सभी धर्म के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बताया गया कि उर्दू माह मोहर्रम की 9 तारीख को प्रतिवर्ष ग्राम भरवेली में हिंदू मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे को ध्यान में रखते हुए सभी के सहयोग से यादे हुसैना लंगर ए आम का आयोजन किया जाता है।16 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पूर्ण अक़ीदतो के साथ, सभी समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से निभाया है। वही मोहर्रम की 10 तारीख 6 जुलाई दिन रविवार को भी भरवेली में जगह-जगह शरबत व खीचड़ा वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान शकील बाबा ,आनंद मेश्राम, इकबाल खान, परवेज खान, राकेश वाहने, सिद्दीक खान, जाहिद अली, हाजी इस्राइल कुरैशी साहब, विपुल चौरे, नितिन गेडाम, दीपक चंदेले, समीर खान, मोबिन खान, फारुख शेख, हाफिज शमीम खान साहब, अदनान खान, सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## भौरगढ से लिलामा के मध्य बने पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने की मांग

### नाले पर बने पुलिया की ऊंचाई कम होने से होती है बारिश के दिनो में बाढ की स्थिती निर्मित

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



भौरगढ से लिलामा के मध्य मुख्य मार्ग पर स्थित नाले पर बने हुए पाईप पुलिया की ऊंचाई कम होने से अक्सर बारिश के दिनो में नाले के ऊपर बने पुलिया के ऊपर जल्दी हि जल का भराव हो जाता है और बाढ जैसी स्थित निर्मित हो जाती है। जिसके कारण मार्ग बाधित हो जाता है और आवागमन प्रभावित होता है। मजबूरन मार्ग से चलने वाले राहगीर व अंचल के ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पुलिया को पार करते है या फेरा कर अपने गंतव्य की ओर सफर तय करते है। खास बात यह भी है की करीब में वैनगंगा नदि है। जिसका जल बहाव तेज होने पर नदि का पानी नाले में रिवस होता है। जिससे नाले में बाढ की स्थित उत्पन्न होती है एंव पुलिया के ऊपर जल का भराव बना रहता है जिससे आवागमन प्रभावित होता है जैसे जैसे नदि का पानी कम होता वैसे वैसे नाले पर बने पुलिया के ऊपर का जल भराव कम होता है। बताया गया की शनिवार को सुबह ऐसी स्थिती निर्मित हुई जब वैनगंगा नदि में पानी बहाव तेज गति से आया जिसका पानी रिवस नाले में आया और पुलिया के ऊपर जल भराव हुआ जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। हालाकि जल्दी ही पुलिया के ऊपर का पानी कम हुआ और आवागमन शुरू हो गया। ग्रामीणो के द्वारा पुलिया की उँचाई बढ़ाने की मांग की गई ताकि नाले में बाढ आने पर भी आवागमन बाधित न हो। सरपंच प्रतिनिधी हेमेंद्र तुरकर ने बताया की नाले पर बने पुलिया की ऊंचाई कम है जिसके कारण बारिश के दिनो में जल्दी बाढ आ जाती और आवागमन बाधित होता है। अनेक बार जनप्रतिनिधीयो को समस्या से अवगत कराया गया और पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की गई ताकि आवागमन प्रभावित न हो बावजूद समस्या जस की तस बनी है। जिसका खमियाजा आमजनो को उठाना होता है। पुन पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की गई है ,जिससे राहगीरो को सुहलित हो सके ।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री अवनीश कुमार पिता वाय. पी शर्मा निवासी 238 5th स्ट्रीट चाणक्य नगर धनबाद तहसील धनबाद जिला धनबाद झारखंड ने ग्राम पर्रापुर पटवारी हल्का नंबर 15/32 रानिम मझगांव तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 18/2 रकबा 3.236 हेक्टेयर जमा 12.00 को विक्रेता श्रीमती परवीन अली पति स्व. श्री मकबूल अली जाती मुसलमान निवासी वार्ड नंबर 11 बैहर तहसील बैहर जिला बालाघाट के हक मालिकी से क्रय कर उक्त भूमि का सौदा कर पंजीयन करवाना चाहता है। उक्त भूमि के पंजीयन में किसी भी व्यक्ति या आम जनता को कोई आपत्ति या दावा पेश करना हो तो उक्त इश्तहार/प्रकाशन के एक माह के भीतर तहसीलदार महोदय परसवाड़ा के समक्ष अपना दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है । यदि एक माह बाद कोई भी दावा आपत्ति दर्ज कराता है तो वह सब शून्य माना जाएगा और संपूर्ण निर्णय मेरे पक्षकार के पक्ष में होगा आम सूचना आज दिनांक को प्रकाशित करवा दी गई है।

अधिवक्ता श्री विशेषचंद चैतगुरू
अपर सत्र न्यायालय बैहर
मो. न. 9424698220

## जनपद पंचायत किरनापुर के सीईओ के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी गई

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जनपद पंचायत किरनापुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष शेण्डे के स्थानांतरण पर विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम जनपद कार्यालय परिसर में हुआ। इसमें जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, व एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, जनपद पंचायत की सदस्य श्रीमती वर्षा बड़ई,अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने मनीष शेण्डे के कार्यों की सराहना की। कहा, उन्होंने जनहित को प्राथमिकता दी। विकास कार्यों में तेजी लाई। उनका व्यवहार सरल और अनुशासित रहा। अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह ने कहा, मनीष शेण्डे की कार्यशैली प्रेरणादायक रही। उन्होंने जनपद को नई दिशा दी। सचिव संघ के अध्यक्ष सेवक राम लिल्हारे ने कहा, अंबाह हमेशा उनका आभारी रहेगा। समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने अनुभव साझा किए। मनीष शेण्डे को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट किए। उन्हें जनपद की मार्गदर्शक कहा गया। इस कार्यक्रम में रोजगार सहायक सचिव एवं जनपद पंचायत की स्टाफ सहित साल एवं श्रीफल से उन्हें भेंट कर सम्मानित किया गया सभी रोजगार सहायक व सचिवों ने पुष्प कुछ वह हर देकर सम्मानित किया गया।

